भारतीय विद्यालय अल वादी अल कबीर -2023-24

कक्षा-8th-2nd Lang	विभाग: हिंदी	Date – 20.08.23
Study Material-3	पत्र लेखन & अनुच्छेद	Note: Pl. file in portfolio

नाम: ____________________अनुभाग: ______अनुक्रमांक: ______दिनांक: ___________

I.पत्र लेखन

आप छात्रावास में रहते हैं | अपना कुशल-समाचार बताते हुए पिताजी को पत्र लिखिए -

परीक्षा भवन,
भारतीय विद्यालय छात्रावास,
क. ख. ग. शहर |
20 अगस्त 2023

पूज्य पिताजी,
सादर प्रणाम !
आप कैसे हैं ? मैं यहाँ बिलकुल ठीक हूँ । आशा करता हूँ कि आप भी कुशल होंगे । दो दिन पहले आपका पत्र मिला और पत्र पढ़कर बहुत ख़ुशी हुई ।
पिताजी, मुझे यहाँ बहुत अच्छा लग रहा है । मैं मन लगाकर पढ़ाई कर रहा हूँ । आपको यह जानकर ख़ुशी होगी कि सत्र-1 की परीक्षा में मैं कक्षा में प्रथम आया हूँ ।मेरे दोस्त और अध्यापक मेरा अधिक ध्यान रखते हैं । फिर भी मुझे आप लोगों की बहुत याद आती है । आगामी छुट्टियों में आपसे मिलने आऊँगा । वैसे छात्रावास में अच्छा खाना मिलता है फिर भी माँ के हाथ का खाना खाने के लिए मन तरस रहा है ।
पिताजी, आप बिलकुल चिंता मत कीजिए । मैं अपने आप को अच्छी तरह संभाल लूँगा ।
माँ को मेरा प्रणाम कहना। छोटू को मेरा प्यार ।

आपकी प्रिय पुत्री / आपका प्रिय पुत्र
दिव्या /मोहन

II.अनुच्छेद

गणतंत्र दिवस (REPUBLIC DAY)

भारत के राष्ट्रीय पर्वों में से एक है २६ जनवरी । २६ जनवरी को गणतंत्र दिवस के रूप में पूरे देश में काफ़ी जोश और सम्मान के साथ मनाया जाता है ।यह दिन प्रत्येक भारतीय के लिए बहुत महत्त्वपूर्ण है क्योंकि इसी दिन 1950 को भारत का संविधान लागू हुआ । इस दिन हर साल भारत के राष्ट्रपति द्वारा दिल्ली के कर्तव्यपथ पर राष्ट्रीय झंडा फहराया जाता है । इस दिन सभी सेनाओं के द्वारा राष्ट्रपति को सलामी दी जाती है और महान भारतीय सेना परेड होती है जो आम तौर पर विजयी चौक से शुरू होती है और इंडिया गेट पर समाप्त होती है । इस सुंदर और शानदार कार्यक्रम का प्रसारण विश्व के सभी टी.वी. चैनलों पर होता है । इस अनोखे अवसर पर देश के वीर जवानों को पुरस्कृत किया जाता है । सभी विद्यालयों, कॉलेजों और दफ्तरों में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया जाता है और मिठाइयाँ बाँटी जाती हैं । यह पर्व हमें देश की एकता बनाए रखने की प्रेरणा देता है ।

****